**Terms of Reference**
**Consultant – Research and Innovation in Primary Care/ Comprehensive Primary Healthcare, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society, to channelize technical assistance and capacity building support to the states for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy / programme design and evaluation. NHSRC intends recruiting Consultants for its Community Processes / Comprehensive Primary HealthCare Division, purely on a contractual basis.
Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been several personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

The Position reports to Advisor - Community Processes-Comprehensive Primary Healthcare (CP-CPHC) and is on Contractual basis. To begin with Two years and extendable based on the Performance.

**Roles & Responsibilities:**
Direct support to selected states as allocated, for implementation of Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care (CPHC) programme. Key functions include:
**Programme Implementation, Capacity Building & Partnerships**

- Provide technical assistance to states for implementation of Community Processes (CP) and CPHC components in decentralized manner.
- Design and deliver skill-based capacity building, mentoring, and policy support for state, district, block, and frontline teams, including at AB-AAMs and community platforms.
- Support implementation planning, roll-out, review, and course correction of CP-CPHC interventions in collaboration with state and national stakeholders.

**Research, Evidence and Knowledge Generation**

- Draft evidence-based technical briefs, operational guidelines, programme implementation plans, and policy notes related on Community Processes (CP) and Comprehensive Primary Health Care (CPHC).
- Support and undertake operational research, documentation of best practices, and impact assessments to improve the design and effectiveness of CP and CPHC interventions.
- Assess, document, and analyze state- and district-level innovations in CP-CPHC for learning, replication, and scaling up.
- Contribute to the development of reports, case studies, manuscripts, monitoring checklists, protocols, and evaluation frameworks.
- Generate actionable insights through community- and facility-level data analysis, particularly from AB-AAMs and community platforms.
- Support evidence-informed decision-making by translating research findings into programmatic and policy recommendations.
- Undertake additional assignments related to CP-CPHC as assigned by the Advisor - CP-CPHC, in line with programme priorities.

**Qualification & Experience: (Regular Course Only)**

*i) Essential:*

- Medical Graduate (MBBS, BDS, AYUSH)/ Bachelor's in Allied Sciences (BSc in Emergency and Trauma Care, BSc in Cardio Laboratory Technology (4 years = 3 years course + 1 year internship), Nursing (4 years = 3 years course + 1 year internship)
- Specialization in MD Community Medicine, MPH, MBA (Health Management/ MBA (Developmental Studies), Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management
- 03 years of Post Qualification experience in undertaking research, capacity building, documentation especially technical journal writing skills and working with health systems in the public health system.
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, PowerPoint. Ability to use the internet for desk research, literature review and accessing other relevant documents.
- Excellent data analytical skills, documentation, communication and presentation skills
- Good interpersonal skills
- Excellent oral and written communication skills in English and or Hindi.

*ii) Desirable:*

- Working knowledge of other major regional languages
- Clinical experience is considered desirable but not essential.
- Experience in undertaking research reports and writing training modules on health for community platforms
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in working with NGO led Primary Health Care/Community Health Worker programs/state-level public health programmes/Grassroot level

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

**Age Limit**: 45 Years and below

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands-on experience of the public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/- per month (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)
Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to complete the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 16th June 2026

**Note: If you face any issue while applying for the position, you may contact us at 011-26108983/84 (between 9:30 AM and 5:30 PM) or by email at: hr.nhsrc@nhsrcindia.org.**

**संदर्भ की शर्तें**

**सलाहकार – प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में अनुसंधान एवं नवाचार, NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण समर्थन प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति / कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है। NHSRC अपने सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रभाग हेतु संविदा के आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति करना चाहता है।

वर्ष 2006 में स्थापना के बाद से ही NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर सहयोग संबंध स्थापित हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उच्च स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक कार्यानुभव NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने एवं सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने का अवसर है।

यह पद परामर्शदाता (एडवाइजर) - सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CP-CPHC) के अधीन कार्य करेगा एवं संविदा के आधार पर होगा। प्रारम्भिक रूप से यह नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

सामुदायिक प्रक्रियाएँ (CP) एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CPHC) कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु आवंटित राज्यों को प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करना। प्रमुख कार्य निम्नानुसार होंगे :

**कार्यक्रम क्रियान्वयन, क्षमता निर्माण एवं साझेदारी :**

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ (CP) एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CPHC) घटकों के विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।

- राज्य, जिला, ब्लॉक एवं फ्रंटलाइन टीमों, जिनमें AB-AAMs एवं सामुदायिक प्लेटफॉर्म शामिल हैं, के लिए कौशल आधारित क्षमता निर्माण, मार्गदर्शन एवं नीतिगत सहयोग की रूपरेखा तैयार करना एवं उसका संचालन करना।

- राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के हितधारकों के सहयोग से CP-CPHC हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन की योजना, रोल-आउट, समीक्षा एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाहियों में सहयोग प्रदान करना।

**अनुसंधान, साक्ष्य एवं ज्ञान सृजन :**

- सामुदायिक प्रक्रियाएँ (CP) एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (CPHC) से संबंधित साक्ष्य आधारित तकनीकी संक्षेप, परिचालन दिशा-निर्देश, कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाएँ एवं नीतिगत टिप्पणियाँ तैयार करना।

- CP एवं CPHC हस्तक्षेपों की रूपरेखा एवं प्रभावशीलता में सुधार हेतु परिचालन अनुसंधान, सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रलेखन एवं प्रभाव आकलन में सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें संचालित करना।

- सीख, प्रतिकृति एवं व्यापक स्तर पर विस्तार हेतु CP-CPHC से संबंधित राज्य एवं जिला स्तर की नवाचार पहलों का आकलन, प्रलेखन एवं विश्लेषण करना।

- प्रतिवेदन, केस स्टडी, पांडुलिपियाँ, निगरानी चेकलिस्ट, प्रोटोकॉल एवं मूल्यांकन रूपरेखाओं के विकास में योगदान देना।

- विशेष रूप से AB-AAMs एवं सामुदायिक प्लेटफॉर्म से प्राप्त सामुदायिक एवं संस्थागत स्तर के आंकड़ों के विश्लेषण के माध्यम से उपयोगी निष्कर्ष विकसित करना।

- अनुसंधान निष्कर्षों को कार्यक्रम एवं नीतिगत अनुशंसाओं में परिवर्तित करते हुए साक्ष्य आधारित निर्णय प्रक्रिया को सहयोग प्रदान करना।

- कार्यक्रम की प्राथमिकताओं के अनुरूप परामर्शदाता (एडवाइजर) - CP-CPHC द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव : (केवल नियमित पाठ्यक्रम मान्य होंगे)**

**i) अनिवार्य :**

- मेडिकल ग्रेजुएट (एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष) / एलाइड साइंसेज़ में स्नातक।

- इमरजेंसी एवं ट्रॉमा केयर में बीएससी, कार्डियो लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी में बीएससी (04 वर्ष = 03 वर्ष का पाठ्यक्रम + 01 वर्ष इंटर्नशिप), नर्सिंग (04 वर्ष = 03 वर्ष का पाठ्यक्रम + 01 वर्ष इंटर्नशिप)।

- MD कम्युनिटी मेडिसिन / MPH / MBA (हेल्थ मैनेजमेंट) / पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हॉस्पिटल एंड हेल्थ मैनेजमेंट / MBA (डेवलपमेंटल स्टडीज़) में विशेषज्ञता।

- सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ कार्य करने, अनुसंधान, क्षमता निर्माण एवं प्रलेखन, विशेष रूप से तकनीकी जर्नल लेखन कौशल में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।

- **कंप्यूटर कौशल** : MS Word, Excel एवं PowerPoint जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले पैकेजों में दक्षता। डेस्क रिसर्च, साहित्य समीक्षा एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों तक पहुँच हेतु इंटरनेट के उपयोग की क्षमता।

- उत्कृष्ट डेटा विश्लेषण, प्रलेखन, संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल।

- अच्छे पारस्परिक कौशल।

- अंग्रेज़ी एवं/अथवा हिंदी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण कौशल।

**ii) वांछनीय :**

- अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।
- क्लीनिकल अनुभव वांछनीय होगा, किन्तु अनिवार्य नहीं।
- सामुदायिक प्लेटफॉर्म हेतु स्वास्थ्य संबंधी अनुसंधान प्रतिवेदन एवं प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने का अनुभव।
- बहु-विषयक टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल / सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता कार्यक्रमों / राज्य स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों / जमीनी स्तर की पहलों के साथ कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :** यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है, तो 01 रिक्ति के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा, अर्थात् शीर्ष 05 अभ्यर्थियों को विचारार्थ लिया जाएगा। यदि 02 या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विचारार्थ शामिल किया जाएगा।

**आयु-सीमा :** 45 वर्ष अथवा उससे कम।

**कार्य-स्थल :** नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :** ₹60,000/- से ₹1,20,000/- प्रति माह।
*पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :**

उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC

की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :**

प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 16 June 2026 होगी।

**नोट :**

यदि पद हेतु आवेदन करने के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो अभ्यर्थी 011-26108983/84 (प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) पर संपर्क कर सकते हैं अथवा hr.nhsrc@nhsrcindia.org पर ई-मेल भेज सकते हैं।